सत्यमेव जयते
भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
GOVERNMENT OF INDIA
**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour Programme/19/CP/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market,
New Delhi-110003
**Dated: 21th September, 2017**

To,

1. The Secretary,
Tribal Welfare & SC Development Department,
Govt. of Chhattisgarh,
Mahanadi Bhawan,
New Raipur, Raipur

2. The Secretary,
SC/ST & Backward Classes Welfare Department,
Govt. of West Bengal,
Kolkata (West Bengal)

3. The Collector,
District- Raipur,
(Chhattisgarh)

4. The Collector,
District- Bankura
(West Bengal)

5. The Collector,
District- Sundargarh,
(West Bengal)

**Sub**: Tour Report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 25th June, 2017 to 05th July, 2017.

Sir/Madam,

I am directed to enclose herewith a copy of tour report of Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, NCST to visit Chhattisgarh and Madhya Pradesh States from 25th June, 2017 to 05th July, 2017 for information and necessary action.

Yours faithfully,

(S.P. Meena)
**Assistant Director**

Copy to:

NIC, NCST uploaded on the web site.

## भारत सरकार

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली

### श्री नन्द कुमार साय, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 25 जून से 05 जुलाई 2017 तक छत्तीसगढ़–पश्चिम बंगाल–ओड़िशा प्रवास की रिपोर्ट

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिनांक **25 जून 2017** को माननीय श्री नंद कुमार साय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार वायु मार्ग के जरिए नई दिल्ली से रायपुर छत्तीसगढ़ पहुंचे। रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने समारोह आयोजित किया था, जिसमें माननीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस समारोह में राज्यसभा सांसद मान0 रामविचार नेताम, वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री महेश गागड़ा, सेवानिवृत्त आईएएस श्री एन.एस. मंडावी, श्रीमती जय लक्ष्मी ठाकुर, व आईएएस श्री नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। इस दौरान समाज के प्रमुखगण व शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने माननीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।



माननीय अध्यक्ष महोदय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महारानी दुर्गावती वीरता और शौर्य की मिसाल थीं। उन्होंने बताया कि महारानी दुर्गावती ने अपने संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखने के लिए लड़ती रहीं, जो समाज के सभी लोगों के लिए प्रेरणादायी है।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi




कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों को लेकर माननीय अध्यक्ष महोदय के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत की और ज्ञापन सौंपा, जो निम्मानुसार है–

1. एतिहासिक बूढ़ातालाब का नाम परिवर्तित किए जाने संबंधी शिकायत।
2. चौक–चौराहों में आदिवासी वीर पुरूषों और आस्था के प्रतीकों से खिलवाड़ किए जाने संबंधी शिकायत।
3. आउटसोर्सिंग के माध्यम से शासकीय सेवाओं में स्थानीय लोगों को वंचित करने की साजिश संबंधी शिकायत।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

निर्धारित कार्यक्रम के तहत **27 जून 2017** को माननीय अध्यक्ष महोदय रेलमार्ग से राउलकेला के लिए प्रस्थान किए। दोपहर राउलकेला रेलवे स्टेशन में माननीय अध्यक्ष महोदय का समाज प्रमुख लच्छू ओराम, डेमे ओरान तथा मातृशक्तियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



राउलकेला सर्किट हाउस में समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों ने माननीय अध्यक्ष के समक्ष स्टील प्लांट की वजह से विस्थापित लोगों की समस्याओं को प्रस्तुत किया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने इस संदर्भ में कलेक्टर और संबंधित अफसरों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया, साथ ही सड़क व पानी की समस्याओं को भी दूर किए जाने निर्देश दिया।



**राउलकेला सर्किट हाउस में माननीय अध्यक्ष महोदय को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया।**

माननीय अध्यक्ष के समक्ष इन समस्याओं को भी रखा गया—

1. स्टील प्लांट की वजह से स्थानीय निवासियों को विस्थापित किया गया, लेकिन उसके एवज में उन्हें मुआवजे की राशि प्रदान नहीं की गई।
2. राउलकेला स्टील प्लांट प्रबंधन ने विस्थापित परिवारों को नौकरी दिए जाने का वादा किया था, पर ज्यादातर परिवार को नौकरी नहीं दी गई, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
3. जहां पर विस्थापित किया गया, वहां जलापूर्ति की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**27 जून को राउरकेला में पत्रकारों से चर्चा करते हुए**



**27 जून को राउरकेला सर्किट हॉउस में स्टील प्लांट के चलते विस्थापित परिवारों से चर्चा के दौरान**



**दिनांक 28 जून 2017** को माननीय अध्यक्ष महोदय ने राउलकेला से हावड़ा (पश्चिम बंगाल) के लिए रेलमार्ग से प्रस्थान किया। हावड़ा रेलवे स्टेशन पर आदिवासी समाज के प्रमुखगणों ने माननीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया, जहां से कोलकाता स्थित होटल के लिए प्रस्थान किया। होटल में ही माननीय अध्यक्ष ने समाज के प्रतिनिधियों की बैठक ली और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस बैठक में गोंड़ समाज से के. शाह, के. श्रीकांत, उरांव समाज के फ्रांसीसी तिर्की, सुशीला लकड़ा, कोकम सरदार, उदत्त कुमार महतो एवं आदिवासी विकास परिषद सहित अन्य लोग शामिल हुए। प्रतिनिधि के तौर पर न्यायाधीश के.शाह ने माननीय अध्यक्ष को समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi



इन समस्याओं के संबंध में माननीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया–

1. निवास प्रमाण पत्र के रिकार्ड के हिसाब से जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए।
2. उच्चारण के कारण जाति प्रमाण पत्र बनाने की दिक्कतों से अवगत कराया।
3. फर्जी प्रमाण पत्र धारियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही हो।
4. आदिवासी के उपर हो रहे अत्याचार निवारण पर कार्यवाही हो।
5. माइग्रेटेड आदिवासियों का लेखा–जोखा हो एवं अन्यत्र जाने पर सुविधाएं मिले।
6. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का एक कार्यालय पश्चिम बंगाल में प्रारंभ किया जाए।

इसके पश्चात **दिनांक 28 जून** को कोलकाता के पश्चिम मेदिनीपुर सर्किट हाउस में माननीय अध्यक्ष ने आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों की बैठक ली। जहां पर समाज के प्रमुख जनों ने उन्हें प्रमुख परेशानियों से अवगत कराया। इसमें जाति प्रमाण पत्र की समस्या प्रमुख थी।



नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**दिनांक 29 जून 2017** को माननीय अध्यक्ष मेदिनीपुर से पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के लिए प्रस्थान किए। रा.अ.ज.जा. आयोग के माननीय सदस्य हरिकृष्ण डामोर भी माननीय अध्यक्ष के साथ थे। इस दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने पश्चिम बंगाल के जिला झारग्राम में ट्राइबल इंटरप्रेक्टेशन सेंटर, प्रकृति परजोतन केंद्र एवं कटिआम ग्राम–ब्लाक रानीबंध, जिला बांकुरा में आदिवासियों के पारंपरिक केंद्र का अवलोकन किया। इसके पश्चात आदिवासी समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान अध्यक्ष महोदय ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और आदिवासी समाज के कारीगरों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिल सके, इस बात के लिए निर्देशित किया।



**दिनांक 30 जून 2017** को माननीय अध्यक्ष महोदय ने आदिवासी विकास विभाग के प्रधान सचिव सहित आदिवासी विभाग के समस्त राज्य स्तरीय कर्मचारियों के साथ पश्चिम बंगाल में आदिवाासियों के लिए दिए जा रहे बजट, रोस्टर एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही जनजाति समुदाय के लोगों को जाति प्रमाण पत्र में आ रही दिक्कतों पर भी सवाल खड़ा किया। और सुविधाओं पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi



**दिनांक 03 जुलाई** को बिलासपुर के छत्तीसगढ़ भवन में अजजा प्रतिनिधियों से मुलाकात और चर्चा के बाद बिलासपुर से रायपुर के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान किया। रात्रि विश्राम करने के बाद 04 जुलाई को रायपुर स्थित निवास में आदिवासी समुदाय के अलग–अलग संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करने के साथ ही उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।

*****************

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi